यात्रियों को रास नहीं आ रहा ग्रेनो मेट्रो का सफर

नोएडा। नोएडा से ग्रेटर नोएडा के बीच सफर करने वाले यात्रियों को मेट्रो का सफर रास नहीं आ रहा है। महीने दर महीने घट रही एनएमआरसी कार्ड की बिक्री तो यही बयां कर रही है। ग्रेनो मेट्रो में घटते यात्रियों के रुझान की मुख्य वजह बेहतर कनेक्टिविटी न होना और दूरी के हिसाब से अधिक किराया होना बताया जा रहा है।

आंकड़ों पर नजर डाले तो एनएमआरसी ने फरवरी में 5220 कार्ड और मार्च में 5064 कार्ड जारी किए थे। वहीं, अप्रैल में 3686 कार्ड ही जारी हुए, जबकि मई यह आंकड़ा और गिरकर 2041 पर पहुंच गया है। शुरुआत में इस रूट पर 26 से 31 जनवरी यानि छह दिन में ही 3363 यात्री कार्ड जारी हुए थे। वरिष्ठ नागरिक अजय चतुर्वेदी का कहना है कि दिल्ली

महीने दर महीने घट रही एनएमआरसी कार्ड की बिक्री

कनेक्टिविटी की कमी व अधिक किराया मुख्य वजह

मेट्रो गैर बैंक कार्ड जारी करता है, जो टॉप-अप पर कोई शुल्क नहीं लेता, लेकिन एनएमआरसी 1.8 फीसदी शुल्क वसूल रहा है। उन्होंने मेट्रो का किराया अधिक बताया। एक अन्य यात्री आकाश सिंह ने बताया कि नोएडा और दिल्ली मेट्रो के बीच सहज कनेक्टिविटी न होने से यात्रियों को काफी परेशानी झेलनी पड़ रही है।

वहीं, एक स्टेशन से दूसरे स्टेशन तक जाने के लिए 300 मीटर चलना पड़ता है। ऐसे में बेहतर होगा कि दोनों स्टेशनों के बीच स्काईवे जैसी सुविधा मिले। ब्यूरो